>

Title : Need to ensure adequate availability of fertilizers to the farmers in Bahraich district of Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर कमांडो (बहराइच): मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनपद बहराइच (उत्तर प्रदेश) में उर्वरकों की कमी से फसलों के पैदावार पर खराब असर पड़ रहा है। नेपाल की तरफ से आने वाले पानी से प्रतिवर्ष इस क्षेत्र में फसलों को काफी नुकसान होता है। इस जनपद में कृषि विभाग द्वारा सितम्बर, 2010 तक 37 हजार 500 मीट्रिक टन उर्वरक की आपूर्ति की मांग की गई थी, जिसके सापेक्ष मात्र 29 हजार 719 मीट्रिक टन उर्वरक बहराइच जनपद को प्राप्त हुआ है। आवश्यकतानुसार खाद नहीं मिलने से किसानों के समक्ष काफी संकट है। उर्वरकों की कमी से किसानों को अन्य स्रोतों से अधिक कीमत में उर्वरक खरीदना पड़ रहा है। जनपद में खाद की कमी का लाभ उठाकर अपराधिक तत्व मिलावटी खाद धड़ल्ले से बेच रहे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि किसानों के हित में जनपद बहराइच में मांग के अनुरूप शेष उर्वरक की आपूर्ति का आदेश देने की कृपा करें।